
कार्यवाही | अवैध मादक पदार्थ विरूद्ध नरसिंहपुर पुलिस की कार्यवाही

# 1 लाख की स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**नरसिंहपुर।** उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने, और ही नशे का कारोबार वालों व सेवन करने वालों पर पूर्णत: अंकुश लगाने के लिए संपूर्ण जिले में विशेष अभियान चलाया जाकर जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड की कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ स्मैक लेकर शहर की ओर कपूरी चौराहा नहर वाले रास्ते से आ रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान पर घेराबंदी की गयी जिसमे मुखबिर के बताए अनुसार हुलिया का एक व्यक्ति मिला जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अभिषेक उर्फ गोलू पिता द्वारका प्रसाद लोधी उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम सूरवारी, थाना ठेमी, जिला नरसिंहपुर का होना बताया जो उक्त व्यक्ति की जामा तलाशी लेने पर उसके द्वारा पहने हुए नीले रंग का जींस पेन्ट के सामने वाला दाहिने तरफ की जेब मे एक छोटी प्लास्टिक की पारदर्शी पन्नी मिली जिसके अन्दर भूरे रंग का पाउडर स्मैक (मनप्रभावित उत्तेजित औषधि) जैसा बरामद हुआ जिसे चैक किया गया जो स्मैक पाऊडर होना पाया गया जिसका तौल करने पर वह 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक पाउडर कीमती 01 लाख रूपये का होना पाया गया। आरोपी को अभिरक्षा मे लिया गया एवं उसके विरूध्द थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 615/2025 धारा 8/21 एन.डी.पी.एस. एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिये गया। अवैध मादक पदार्थ स्मैक पाउडर के स्त्रोत के संबंध में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। इनकी रही मुख्य भूमिका। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी, कोतवाली, निरीक्षक गौरव चाटे, सउनि. भीम बाक्सर, आरक्षक उमेश्वर पाठक, आरक्षक कुलदीप साहू, आरक्षक नीलेश दुबे, आरक्षक अनुराग दुबे, आरक्षक सौरभ पटेल एवं सायबर सेल से प्रधान आरक्षक देवेन्द्र की मुख्य भूमिका रही ।



## बाल संरक्षण सदस्य के रूप में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया

**नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर प्राचार्य डॉक्टर आरबी सिंह के निर्देश में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ जी एस मर्सकोले और अमित ताम्रकार एवं छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी रानी कुमारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई दलनायक वेदांत दुबे ने बाल संरक्षण क्लब के अध्यक्ष एवं रेड रिबन क्लब के सदस्य के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने एवं दलनायक वेदांत दुबे के नेतृत्व सहदलनायिका रशिका चौरसिया को बाल संरक्षण सदस्य के रूप में उत्कृष्ट कार्य हेतु स्वतंत्रता दिवस जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्टेडियम ग्राउंड मैं नरसिंहपुर जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं नरसिंहपुर कलेक्टर शीतला पटले और सीओ जिला पंचायत दलीप कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के द्वारा सम्मानित किया गया।

# जो मनु स्मृति नहीं मानता है वह हिंदू कैसे हो सकता है : शंकराचार्य



**गोटेगांव।** विगत दिवस समीप द्वारका शारदापीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने सत्संग प्रवचन स्थल पर शुरू हुई श्रीमद देवी भागवत पुराण कथा पर उसके महात्म पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार पैदाइश किसी भी वस्तु की नष्ट नहीं की जा सकती है, उसी प्रकार माता पिता के खून को नहीं बदला जा सकता है। जिस धर्म में रहते हुए माता पिता ने जन्म दिया, उसके रहते धर्म का परिवर्तन नहीं किया जा सकता है।

जिस प्रकार रक्त को नहीं बदला जा सकता है, उसी प्रकार धर्म और जाति को नहीं बदला जा सकता है। आपने कहा कि जो मनु स्मृति नहीं मानता है वह हिंदू कैसे हो सकता है। इसमें मनुष्य के कल्याण की बात कहीं गई है। धर्म के 10 लक्षण सभी के लिए है सनातन धर्म जैसा कोई धर्म नहीं है। आपने कहा कि मॉ जगदबा का आश्रय लिए बिना मनुष्य कभी सुखी नहीं हो सकता है, जब मानव को संसार का भय सताता है तो मां जगदबा ही सुरक्षा प्रदान करती है। मां जगदबा की कथा मानव कल्याण करने वाली है। शंकराचार्य ने कहा कि कामना के कारण ही मानव का आना जाना लगा रहता है, क्योंकि यह कामना ही मानव को जन्म देती है। जब मानव के इच्छा की पूर्ति नहीं होती है तो वह फिर से जन्म लेता है, यदि मानव भगवान को पाने की कामना कर लेता है तो उसको मुक्ति मिल सकती है। रामराज्य और वर्तमान युग की बात करते हुए कहा कि रामराज्य जैसे सभी राज्य नहीं हो सकते है, हिन्दू राष्ट्र के लिए मानव को रामराज्य का संकल्प लेना होगा, क्योंकि सनातन धर्म का पालन करने पर ही हिन्दू राष्ट्र की कल्पना साकार हो सकती है। प्रभारी मंत्री ने भगवती राजराजेश्वरी का किया अर्चन-परमहंसी गंगा आश्रम झौंतेश्वर में आयोजित चातुर्मास्य कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत पहुँचे। उन्होंने मां भगवती राजराजेश्वरी माता का विधि.विधान से अर्चन किया तथा जगद्गुरु शंकराचार्य की समाधी स्थल पर आशीर्वाद लिया। इसके बाद चातुर्मास कर रहे द्वारका शारदापीठ के शंकराचार्य सदानंद से विचार विमर्श कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, तेन्दूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश एवं मंडल अध्यक्ष रघुनाथ ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे सहित अनेक श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## महिला मंडल की सदस्यों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जन्माष्टी पर्व

**नरसिंहपुर।** जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर रिद्धीङ्कसिद्धी महिला मंडल, विपत्पुरा द्वारा होटल कुसुम वैली में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राधाङ्ककृष्ण की आकर्षक झाँकियाँ सजाई गईं, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिला मंडल की सदस्याओं ने बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं तथा भजन संध्या से वातावरण भक्तिमय बना दिया। सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# सरकारी स्कूल में तिरंगे का अपमान ,तीन जिम्मेदारों को नोटिस

**गोटेगांव।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिमरी बड़ी में बीते दिनों स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। यहां स्थित शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में ध्वजारोहण के समय राष्ट्रीय ध्वज को उल्टा फहरा दिया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, प्रधानपाठक दुर्गा प्रसाद छिरोलिया, सचिव संजय बटोरिया सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद था।

लेकिन किसी ने भी तत्काल गलती को नहीं सुधारा। घटना की जानकारी सामने आने के बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी क्ष्श्वह्व गोटेगांव ने तीन जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। सोशल मीडिया से मिली जानकारी, जांच के बाद होगी कठोर कार्रवाई विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई। उन्होंने तुरंत संकुल प्राचार्य और संबंधित विद्यालय के प्रधानपाठक को कारण बताओ नोटिस जारी किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अत्यंत गंभीर मामला है और जांच के बाद दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। नोटिस में दी चेतावनी कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, गोटेगांव द्वारा जारी पत्र में संकुल प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल राखी (भैसा), प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला सिमरी बड़ी और प्रधानपाठक शासकीय माध्यमिक शाला सिमरी बड़ी को नोटिस दिया गया है। पत्र में लिखा है कि 15 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय ध्वज उल्टा फहराने की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और न ही स्वीकार किया जा सकता है। सभी को निर्देश दिया गया है कि 18 अगस्त 2025 को शाम 5 बजे तक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समय पर स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो वरिष्ठ कार्यालय को निलंबन का प्रस्ताव भेजा जाएगा, जिसके लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।



कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, गोटेगांव
9424950493 beo.got.narsinghpur@gmail.com
क्र./स्था/2025/1922 गोटेगांव, दिनांक- 15.08.2025
प्रति,
1. संकुल प्राचार्य, शासकीय हाई स्कूल राखी भैसा
2. प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला सिमरी बड़ी
3. प्रधान पाठक, शासकीय माध्यमिक शाला सिमरी बड़ी
विषय- 15 अगस्त 2025 (स्वतंत्रता दिवस 2025) को राष्ट्रीय ध्वज उल्टा फहराना के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र।
--00--
अत्यंत खेद का विषय है कि संकुल केन्द्र राखी (भैसा) अंतर्गत शास० प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला सिमरी बड़ी में राष्ट्रीय ध्वज उल्टा फहराने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है और न ही इतनी बड़ी भूल को स्वीकार किया जा सकता है। अतः आप तीनों दिनांक 18/08/2025 सोमवार को समय 05:00 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में आपके विरूद्ध निलंबन का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जावेगा, जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गोटेगांव, नरसिंहपुर
पृ. क्र./स्था/2025/1923 गोटेगांव, दिनांक- 15.08.2025
प्रतिलिपि-
1. श्रीमान संयुक्त संचालक, लोकशिक्षण जबलपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. श्रीमान कलेक्टर महोदय, जिला नरसिंहपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. श्रीमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत नरसिंहपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. श्रीमान जिला शिक्षा अधिकारी, नरसिंहपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. श्रीमान जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गोटेगांव, नरसिंहपुर



# भजनों को सुन झूमे श्रोता

**नरसिंहपुर।** श्रीकृष्ण पाथेय न्यास संस्कृति विभाग द्वारा जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण पर्व का राधावल्लभ मंदिर, में आयोजन किया गया। प्रख्यात बुन्देली लोककलाकार सुमित दुबे ने अपने साथी कलाकार राजेश दुबे प्रतीक दुबे, अंकित दुबे, दशरथ मेहरा, अनूप सेन, विवेक ठाकुर व भरत पटेल मंदिर परिसर में अपने श्रीकृष्ण केंद्रित सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से उपस्थित भक्तों, कलाप्रेमियों को थिरकने और नाचने झूमने पर मजबूर कर माहौल प्रफुल्लित व उत्सवमय बना दिया। ज्ञात हो श्रीकृष्ण पाथेय न्यास संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न शहरों के प्रमुख मंदिरों में जन्माष्टमी के दिन श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन हुआ इस आयोजन में मंदिरों में संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए।

## एक नजर में




### कृष्ण जन्माष्ट्मी पर ब्रह्मचारी अचलानंद के सानिध्य में निकली भव्य शोभा यात्रा

**गोटेगांव।** समीपवर्ती ग्राम श्रीनगर में निकाली गई भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभायात्रा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए भगवान श्री कृष्ण जी की शोभायात्रा जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ हुई गांव के मुख्य मार्गो से हुए हुई जगन्नाथ मंदिर में समापन हुआ जगह जगह लोगों ने भगवान श्री कृष्ण के दर्शन पूजन किए व श्रद्धालुओं ने जगह जगह दही, केले का प्रसाद बाटा व मटकी बांधी गई, शोभायात्रा में मुख्य रूप से परमहंसी गंगा आश्रम से ब्रह्मचारी अचलानंद महाराज शामिल हुए थे श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया साथ ही कृष्ण जन्माष्टमी के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अष्टमी तिथि के दिन जन्म होना यह दर्शाता है कि वे आध्यात्मिक और सांसारिक दुनिया में पूर्ण रूप से परिपूर्ण थे 7 वे एक महान शिक्षक और आध्यात्मिक प्रेरणा के अलावा उत्कृष्ट राजनीतिज्ञ भी थे 7 भगवान श्री कृष्ण का सबसे अद्भुत गुण यह है कि वे सभी संतों में सबसे श्रेष्ठ ओर पवित्र होने के बावजूद वे अत्यंत नटखट भी थे 7 भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा और ज्ञान हाल के समय के लिये सुसंगत हैं क्योंकि वे व्यक्ति को सांसारिक कायाकल्पो में फँसने नहीं देती और संसार से दूर होने भी नहीं देती 7 वे एक थके हुए और तनावग्रस्त व्यक्तित्व को पुन: प्रज्वलित करते हुये और अधिक केंद्रित और गतिशील बना देती है7 इस भव्य शोभा यात्रा की शुरुआत 20 वर्ष पहले ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की प्रेरणा से की गई थी जो की आज परंपरा अनुसार श्रीनगर में यह भव्य शोभा यात्रा का कार्यक्रम 20 वर्ष से निरंतर चला आ रहा है हम सभी मिलकर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम हर्ष उल्लास के साथ मानते है और यह निरंतर जारी रहेगी !शोभायात्रा में बच्चे युवा महिलाएं एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुई।



### बसंत ब्लाक अध्यक्ष बने

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस जनपद पंचायत चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले रोजगार सहायक सचिवों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से बसंत पटेल मनकापुर ग्राम पंचायत पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक सचिव को संघ का ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया है।इनकी नियुक्ति पर सभी साथियों ने हर्ष जाहिर करते हुए बधाईयां प्रेषित की हैं।



## समाजसेवी विनोद सोनी का निधन

**गोटेगांव।** विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाजसेवी पथरिया कुआं स्थित गोरादेवी वार्ड निवासी पूरन लाल सोनी के सुपुत्र कांग्रेस प्रवक्ता विनोद सोनी का अचानक हृदयगति रुक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया, आप प्रमोद कुमार सोनी राजेंद्र कुमार सोनी मनोज कुमार सोनी के भाई एवं सजल सोनी के पिता श्री थे द्व आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे,आपके निधन का समाचार प्राप्त होतेही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया।



# कार्मेल विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया

**करेली।** नगर की शिक्षण संस्था कार्मेल विद्यालय में देश का 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि कमलेश अग्रवाल सेवानिवृत प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, चावरपाठा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

विद्यालय की छात्र-छात्राओं के द्वारा मार्च पास्ट, समूह गान,समूह नृत्य, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद के संघर्ष को बताया गए। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता के महत्व पर बल दिया एवं विद्यार्थी जीवन में अनुशासित रहने पर बल दिया। इसके साथ ही विगत शिक्षण सत्र 2024-25 में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की सी.बी.एस.ई.बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया ।विद्यालय में भगवान श्री कृष्ण के जन्म का पवित्र पर्व श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। विद्यालय की छात्राओं ने कृष्ण, राधा,यशोदा, देवकी एवं गोपियों आदि की वेशभूषा धारण कर मनमोहक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी।

# देर रात्रि तक चला श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव



**तेंदूखेड़ा।** योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का महापर्व जन्माष्टमी पर्व पर नगर के सभी मंदिरों श्री राम जानकी मंदिर नगरिया मंदिर नायक मंदिर श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर गोपाल लाल मंदिर श्री देव राधा कृष्ण मंदिर पुजारी मुहल्ला में रात्रि बारह बजते ही घंटा शंख की ध्वनि के बीच भगवान योगेश्वर का जन्म दिन मनाया गया। आरती स्तुति के साथ भजनों का कार्यक्रम रात भर चलता रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान का जन्मोत्सव मनाने मंदिरों में पहुंचे ।समीपी ग्राम मदनपुर में प्रदीप जोगी के निवास पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित कथा वाचक पं कृष्णकांत शास्त्री जी की भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रोता श्रद्धालु भजनों की प्रस्तुति में झूमने मजबूर हो गए। सुबह छ बजे तक कार्यक्रम अनवरत जारी रहा। इमझिरा देव राधा कृष्ण मंदिर में मनाई गई।







# ध्वजारोहण के उपरांत शाम को ध्वज उतारना ही भूल गए प्रधान पाठक

## दो दिन बाद स्कूल के समीप रहने वाली महिला ने उतारा ध्वज



**तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां राष्ट्रीय ध्वज के मान सम्मान और ध्वज संहिता को लेकर पाठ पढाये जाते हैं। वहीं दूसरी तरफ राष्ट निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाने वाले और बच्चों को स्वयं राष्ट्रीय ध्वज के मान सम्मान की शिक्षा देने वाले शिक्षक स्वयं गलती कर बैठते हैं। निश्चित तौर पर विषय गंभीर और सोचनीय भी है।

मामला चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम विजोरा का है जहां प्राथमिक शाला में स्वाधीनता दिवस पर यहां पर पदस्थ प्रभारी प्रधान पाठक ध्वजारोहण के उपरांत शाम को ध्वज उतारना ही भूल गये इतना ही नहीं दो दिन तक ध्वज स्तंभ पर लहराता रहा जब इस विषय को लेकर अधिकारियों से चर्चा की गई और सोशल मीडिया पर यह विषय चर्चित हुआ तब कहीं आनन फानन समीप की ही एक महिला द्वारा यह ध्वज उतारा। चूंकि यहां पर 10 12 बच्चे ही दर्ज है और दो शिक्षक पदस्थ हैं। एक शिक्षक कहीं बाहर से आते हैं और दूसरे शिक्षक जिन्हें यहां का प्रधान पाठक का प्रभार सौंपा गया है वह समीप के ही एक गांव के हैं। हमेशा नशे में मदमस्त रहने के साथ और भी अनैतिक गतिविधियों में संलग्न बनें रहते हैं।जिसका प्रभाव बच्चों पर भी पड़ता है। गांव के लोग परेशान हैं लेकिन प्रभारी प्रधान पाठक की पहुंच प्रभावशालियों के साथ होने के कारण कुछ नहीं हो पाता है। प्रधान पाठक जब कभी ही स्कूल आते हैं और आते भी हैं तो अपने दूसरे क्रिया-कलापों में बाहरी अन्य गांवों के लोगों को बुलाकर सलंग्न हो जाते हैं। इन सब गतिविधियों के चलते उक्त शिक्षक को एक बार निलंबित भी किया जा चुका है। फिर भी इनके कारनामों में सुधार नहीं हो पा रहा है। चूंकि बाजू में एक आंगनवाड़ी केन्द्र भी संचालित होता है।

**गांव वालों का कहना है**

ध्वज उतारने को लेकर जब विकास खंड के शिक्षा अधिकारियों से चर्चा की गई तब उन्होंने संबंधित शिक्षक से चर्चा की लेकिन नशे में होने के कारण सोमवार को उतारने की बात कह डाली और बाहर होने का हवाला दे दिया। किसी भी तरह अधिकारियों ने बोलकर आंगनबाड़ी सहायिका के माध्यम से ध्वज उतरवाया। इस विषय को लेकर गांव वालों का कहना है कि राष्ट निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाने वाले यदि इसी तरह से विसंगति पूर्ण स्तिथि निर्मित करेंगे तो नौनिहालों का क्या होगा। और हमारी ध्वज संहिता पर क्या प्रभाव पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने तत्काल प्रभाव से शिक्षक को दंडित करने की मांग की है।

